कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.06.2024

विषय:- लूट के मुकदमे मे वांछित 02 नफ़र अभियुक्तगण 1-आर्यन मिश्रा व 2-शिवम दूबे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से लूट की चेन बेंचकर प्राप्त रुपयों मे से शेष बचे कुल 43000/- रू0 नगद व घटना में प्रयुक्त वाहन 01 अदद मोटर साईकिल बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के लूट/चोरी के मुकदमों के सफल अनावरण व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-223/2024 धारा 394/506/411 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. आर्यन मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी धरसौना खालिसपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी व 2. शिवम दूबे पुत्र रमेश चंद्र दूबे निवासी खेवसीपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर हाल पता बड़ालालपुर मड़वां थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी को नटिनियादाई मंदिर खुशहाल नगर शिवपुर से दिनांक-07.06.2024 को समय करीब 20.05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूट की चेन बेंचकर प्राप्त रुपयों मे से शेष बचा कुल 43000/- रू0 नगद व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल सं0 यूपी 65 सीए 1104 बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त शिवम दूबे ने पूछताछ करने पर बताया कि प्रिंस सेठ मेरा मित्र है। दिनांक 29/05/2024 को रात 9 बजे के करीब प्रिंस मुझसे चांदमारी में राहुल चाय की दुकान के पास मिला था, मेरे साथ मेरे मित्र आर्यन मिश्रा और एक अन्य मित्र भी था। हम तीनों लोग प्रिंस सेठ को कानूडीह अंडर पास पर लेकर गये और बात करते-करते हम लोगों का प्रिंस सेठ से विवाद हो गया तो मै और मेरे अन्य मित्रों ने प्रिंस के गले से सोने की चेन और पीएनबी बैंक का एटीएम कार्ड छीन लिया व जान से मारने की धमकी देकर उसके एटीएम कार्ड का पिनकोड भी पूछ लिया लेकिन हमने पैसे नहीं निकाले है। चेन को हम लोग बेचने के लिये कई दुकानों पर गये लेकिन रशीद नहीं होने के कारण बिक नहीं पाया तो मेरे मित्र ने बताया कि दालमंडी चौक में ले चलते हैं वहां बिक जायेगा तो मै और आर्यन मिश्रा व मेरा दूसरा मित्र उस चेन को दालमंडी में ले जाकर एक आदमी को 50000/- रु0 में बेच दिये जिसमे से 30000/-रु0 मैने लिया था 15000/- रु0 आर्यन मिश्रा ने और 5000/- रु0 मेरे दूसरे मित्र ने लिया था। उसी रुपये में से 28000/- रु0 इस समय मेरे पास है 2000/- रु0 मैने खर्च कर दिया है। घटना में शामिल आर्यन मिश्रा व उनके अन्य मित्र के बारे में पूछने पर बताया कि घटना के बाद मेरी मेरे दूसरे मित्र से मुलाकात नही हुई है न

ही बात हुयी है और इस समय वह कहां है मुझे जानकारी नहीं है तथा आर्यन मिश्रा आज रिंग रोड चांदमारी स्थित चौपाल चाय की दुकान के पीछे मुझसे मिलने आने वाला है।

अभियुक्त आर्यन मिश्रा ने पूछताछ करने पर बताया कि मै शिवम दूबे और उसके मित्र के कहने पर लालच में आ गया था और शिवम के मित्र प्रिंस सेठ की सोने की चेन छीनने और उसे बेचवाने में शामिल था उस चेन को बेचने से 50000/ रु0 मिला था जिसमें से मुझे 15000/- रु0 मिला था जो इस समय मेरे पास है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. आर्यन मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी धरसौना खालिसपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी, उम्र 21 वर्ष।
2. शिवम दूबे पुत्र रमेश चंद्र दूबे निवासी खेवसीपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर हाल पता बड़ालालपुर मड़वां थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी, उम्र 21 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- नटिनियादाई मंदिर खुशहाल नगर शिवपुर से दिनांक 07.06.2024 को समय करीब 20.05 बजे।

बरामदगी का विवरण- लूट की चेन बेंचकर प्राप्त रुपयों मे से शेष बचा कुल 43000/- रू0 नगद व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल सं0 यूपी 65 सीए 1104 बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 प्रवीण कुमार मिश्र, उ0नि0 अनंत कुमार मिश्रा, उ0नि0 गौरव सिंह, हे0का0 राम बाबू, का0 ज्ञानेन्द्र यादव का0 बालमुकुन्द मौर्य थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी